# Services Housing Co-operative Society Limited
## Ashok Nagar,Ranchi-834002
## E_Mail – support@ashoknagarranchi.com


आज दिनांक 08.02.2026 को निदेशक मण्डल की बैठक अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1– | डॉ0 माधव – | अध्यक्ष – | उपस्थित |
| 2– | श्री के0 पी0 पाण्डेय | उपाध्यक्ष– | उपस्थित |
| 3– | श्री अनिल शंकर | अ0 सचिव | अनुपस्थित |
| 4– | श्री शंकर प्रसाद वर्मा | सं0 सचिव | उपस्थित |
| 5– | श्री बसंत कुमार भट् टाचार्य | निदेशक | उपस्थित |
| 6– | श्री प्रताप सिंह – | निदेशक | उपस्थित |
| 7– | डॉ0 श्रीमति रीता लाल– | निदेशक | अनुपस्थित |
| 8– | श्रीमति शोभा कुमारी – | निदेशक | उपस्थित |
| 9– | श्रीमति कृष्णा श्रीवास्तव | निदेशक | उपस्थित |
| 10– | डॉ0 श्रीमति जुबी जेन केशरी | निदेशक | अनुपस्थित |
| 11– | श्रीमति गुंजन सिंह – | निदेशक | उपस्थित |
| 12– | श्रीमति सरोज बाला | निदेशक | उपस्थित |

कार्यावली संख्या–1– दिनांक 24.01.2026 के बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि की गई।

कार्यावली संख्या–2– दिनांक 02.01.2026, 13.01.2026, 21.01.2026 तथा 07.02.2026 को विभिन्न कार्यों हेतु वित्तीय समिति द्वारा लिये गये भुगतान के निर्णय की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई ।

कार्यावली संख्या–3– सोसाईटी परिसर में तीन पम्पों के अधिष्ठापन के लिए सामग्रियों के क्रय हेतु प्रेम इन्डस्ट्रीज से आपूर्ति लेने का निर्णय लिया गया । सोसाईटी अभियता को निर्देश दिया गया कि सभी प्राप्त क्रय की गयी सामग्रियों का **Stock Register** संधारित करेंगे ।

कार्यावली संख्या–4– मेसर्स संजय कुमार, संवेदक एवं वसुंधरा इन्फास्ट्रक्चर द्वारा कराये जा रहे अतिरिक्त कार्य का संशोधित एकरारनामा हेतु सोसाइटी अभियंता एवं श्री बसंत

कुमार भट्टाचार्य, निदेशक को प्राधिकृत करने पर निर्णय एवं दिनांक 13.07.2025 को **BOD** में लिये गये निर्णय को सम्पुष्ट किया गया ।

कार्यावली संख्या–5– स्वर्गीय अनिल उरांव, मजदूर के मृत्यूपरान्त देय अनुदान, नियमावली के प्रावधान के आलोक में 15,000/–(पन्द्रह हजार) की स्वीकृति प्रदान की गई । यह भुगतान स्व0 अनिल उरांव के पत्नी को श्रीमति शिवानी कुमारी को किया जायेगा ।

कार्यावली संख्या–6– **DC Engineering and Consultency Services** को पूर्व के निर्धारित दर पर 50 अदद सोलर स्ट्रीट लाईट क्रय की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई, जिसकी कुल राशि 8.5 (आठ लाख पचास हजार) रूपये है ।

कार्यावली संख्या–7– सोसाईटी कार्यालय परिसर, महिला क्लब, शहरी स्वास्थ्य केन्द्र, पार्क बी का बाउन्ड्री आदि के रंग–रोगन कार्य हेतु कृष्णा हार्डवेयर से सामग्री क्रय करने की स्वीकृति प्रदान की गई । यह सभी कार्य में काम करनेवाले मिस्त्रियों का मस्टर रौल के आधार पर दैनिक कार्य का भुगतान किया जा रहा है । मस्टर रौल पर प्रधान लिपिक एवं सोसाईटी अभियंता का सत्यापन के पश्चात्, सोसाईटी अभियंता प्राप्त अग्रिम राशि से नगद भुगतान करते हैं । सर्वसम्मति से निर्णय को सम्पुष्ट किया गया ।

कार्यावली संख्या–8– **Tractor Trolly** की मरम्मति एवं पेंटिंग हेतु व्यय की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई ।

कार्यावली संख्या–9– सोसाईटी के विभिन्न कार्यों के निष्पादन एवं मजदूरों तथा **Day to Day** व्यय हेतु सोसाईटी अभियंता श्री आयुष कुमार को पूर्व में दिए गए अग्रिम का समायोजन की स्वीकृति प्रदान करते हुए पुनः 1.00 (एक लाख) रूपये अग्रिम की स्वीकृति प्रदान की गई ।

कार्यावली संख्या–10– प्लॉट संख्या 223–सी के सदस्य श्री आर0 सी0 अरोड़ा द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से बायलॉज के कंडिका **9(i)** के आलोक में पारिवारिक सदस्यता हस्तांतरण हेतु आवेदन पर विचार किया गया । इसपर सर्वसम्मति से सहमति नही बनने के कारण तत्काल स्थगित किया गया है ।

कार्यावली संख्या–11– श्री चन्द्र देव पाण्डेय, सदस्य 9–सी के निधन के फलस्वरूप उनके पुत्र श्री अरिविन्द्र पाण्डेय एवं श्री अरूण कुमार पाण्डेय द्वारा विहित प्रपत्र में पारिवारिक सदस्यता हस्तान्तरण हेतु आवेदन दिया है । स्वर्गीय पाण्डेय द्वारा किये गये नामांकण के आलोक में श्री अरविन्द पाण्डेय को कर्त्ता सदस्य तथा श्री अरूण कुमार पाण्डेय को सह–सदस्य बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई ।

कार्यावली संख्या–12– श्री राजीव कुमार, कर्त्ता सदस्य, प्लॉट संख्या 56–डी द्वारा अपनी पत्नी श्रीमति अल्पना सिन्हा, पुत्री श्रीमति निशि गन्धा एवं सूश्री दिव्या कुमारी के संयुक्त नामांकण की स्वीकृति प्रदान की गई ।

कार्यावली संख्या–13– मेसर्स खुशी स्टील एवं मेसर्स संजय कुमार द्वारा कराये गये कार्यों के बकाये राशि के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई ।

कार्यावली संख्या–14– सोसाईटी परिसर में विभिन्न स्थानों पर टूटे स्लैब को बदलने हेतु 25 अदद 5–**6"** मोटाई का विभिन्न आकार के स्लैब का विभागीय रूप से निर्माण कराने की स्वीकृति प्रदान की गई ।

कार्यावली संख्या—15— विभिन्न कार्यों के सम्पादन एवं कराये गये कार्यों के भुगतान हेतु वित्तीय समिति द्वारा अनुशंसित राशि के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई । (परिशिष्ट क से ज तक )

कार्यावली संख्या—16— सोसाईटी कार्यालय एवं सभागार का **Septic Tank** क्षतिग्रस्त हो गया है । इसके अविलम्ब पुननिर्माण कराने की स्वीकृति प्रदान की गई ।

कार्यावली संख्या—17— सोसाईटी परिसर के विभिन्न स्थानों में शेड का निर्माण एवं पूर्व से बने हुए शेड एवं गेट की मरम्मति तथा रंग रोगन का कार्य कराने की स्वीकृति प्रदान की गई ।

कार्यावली संख्या—18— पार्क **"C"** के **Gym areA** में **Paver Block** लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई । वित्तीय वर्ष 2023—24 में सोसाईटी द्वारा निर्धारित दर **55/- Per Sft** के दर से **M.R. Enterprises** से कराने का निर्णय लिया गया ।

कार्यावली संख्या—19— श्री आयुष कुमार, सोसाईटी अभियंता को दिल्ली के फरीदाबाद भेजकर **E Kitchen Weste Rikshaw Manufacturer** के यहाँ जाकर निरीक्षण हेतु यात्रा की स्वीकृति प्रदान की गई ।

अन्यान्य : (क) दिनांक 24.01.2026 को सम्पन्न निदेशक मण्डल की कार्यावली सं0—27 द्वारा दो महिला झाडूकश श्रीमति सरिता देवी, आधार नं0—767919946842 एवं श्रीमति शिवानी कुमारी, आधार नं0—439523299455 को रखने का निर्णय लिया गया था । स्वर्गीय रेणू कुजूर, पूर्व झाडूकश की पुत्री सूश्री अंजली कुजूर, आधार नं0—दैनिक पारिश्रमिक के आधार पर पर रखने की स्वीकृति प्रदान की गई ।

(ख) श्री हरे कृष्ण मुरारी, सेवा निवृत्त दिनचर्या लिपिक–सह–टंकक को सेवा निवृत्ति लाभ के लिए सेवा नियमातली के नियम (8) एवं **25(i)** के अनुरूप भुगतान करने का निर्णय लिया गया । इसपर दिनांक 24.01.2026 को **BOD** की बैठक में स्वीकृति दी जा चुकी है। पूर्व में नियमावली के विरूद्ध किए गए भुगतान के लिए कर्मियों को चिन्हित कर कार्रवाई का निर्णय लिया गया ।

(ग) पार्क ए के बाउन्ड्रीवाल के निर्माण की प्राक्कलित राशि 25,30,668/–(पच्चीस लाख तीस हजार छः सौ अड़सठ) रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई । इस सम्बन्ध में दिनांक 24.01.2026 को **BOD** की बैठक में निर्णय लिया जा चुका है । इसका कार्यान्वयन **Ashrita Engineering Services** द्वारा कराया जायगा । तकनिकी स्वीकृति प्रदत्त प्राक्कलित राशि से **10%** कम दर पर कार्य कराने की स्वीकृति प्रदान की गई ।

(घ) महिला क्लब के आरक्षण की पूर्ण राशि सोसाईटी को प्राप्त होती है । बिजली विपत्र का भुगतान महिला क्लब स्वयं करती है । निर्णय लिया गया कि महिला क्लब को 10,000/–(दस हजार) रूपये अनुदान के रूप में प्रतिवर्ष दिया जाय । यह निर्णय वित्तीय वर्ष 2025–26 से ही प्रभावी होगा ।

(ड.) जलापूर्ति के चाभी का चेम्बर की मरम्मति तथा उसका ढक्कन निमाण कराने एवं ढक्कन लगाने का निर्णय लिया गया । अध्यक्ष ने बताया कि ओल्ड टॉवर के पास चेम्बर क्षतिग्रस्त हो गया है । उसे सोसाईटी अभियंता द्वारा वहां कार्यरत संवेदक से ठीक करा लेंगे । स्थल निरीक्षण कर सोसाईटी अभियंता ढ़क्कन की व्यवस्था करेंगे ।

(च) बोर्ड के संज्ञान में आया है, कि अनेक सदस्य बोर्ड के भवन बायलॉज का उल्लंघन किये हैं । सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि वैसे सदस्यों से स्पष्टीकरण पूछा जाय, कि क्यों नही बायलॉज की उपविधि 61 के आलोक में सदस्यता रद्द करने की कार्रवाई की जाय । अगर भवन बायलॉज का उल्लंघन कर भवन निर्माणाधीन है, तो इसे तुरंत रोक दिया जाय। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सोसाईटी अभियंता इसका शीघ्रता शीघ्र अनुपालन करें ।

(छ) सोसाईटी के प्लॉट संख्या 287/सी में सोसाईटी का पानी नही जाता है । अतः सोसाईटी अभियंता को निर्देश दिया जाता है, कि वे स्थल की जाँच कर पानी पहुँचाने की व्यवस्था करें ।

(ज) **EPF** से सम्बन्धित पत्राचार जो अध्यक्ष/सचिव की संज्ञान में लाए बिना सोसाईटी के लेखा लिपिक सूश्री नीना सिन्हा के द्वारा किया गया, जो गैर कानूनी है एवं अधिकार क्षेत्र के बाहर है । सोसाईटी के हित एवं वित्त प्रबन्धन के विपरित है । निर्णय लिया गया कि लेखा लिपिक के क्रियाकलापों की जाँच हेतु कमिटी गठित की जाय ।

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रताप सिंह<br>निदेशक | श्री बसंत कुमार भट्टाचार्य<br>निदेशक | श्रीमति शोभा कुमारी<br>निदेशक |
| श्रीमति कृष्णा श्रीवास्तव<br>निदेशक | श्रीमति गुंजन सिंह<br>निदेशक | श्रीमति सरोज बाला<br>निदेशक |
| श्री शंकर प्रसाद वर्मा<br>संयुक्त सचिव | श्री के0 पी0 प्राण्डेय<br>उपाध्यक्ष | डॉ0 माधव<br>अध्यक्ष |